प्रादेशिक समाचार
दिनांक–02.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के हजारीबाग से 79 हजार 156 करोड़ रुपये की लागत से प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान का शुभारंभ किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने 83 हजार 700 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया। इस दौरान श्रीमोदी ने 40 एकलव्य विद्यालयों का उद्घाटन और 25 एकलव्य विद्यालयों की आधारशिला भी रखी। विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में श्रीमोदी ने कहा कि जनजातीय समाज के उत्थान पर केंद्र सरकार का जोर है।

इससे पहले प्रधानमंत्री विशेष विमान से रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पहुंचे और वहां से हेलीकॉप्टर से हजारीबाग पहुंचे। केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के दायरे में लगभग 63 हजार गांव आएंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि धरती आबा जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान से पांच करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा–

श्रीमोदी 20 सितंबर से शुरू भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह के अवसर पर हज़ारीबाग़ के गांधी मैदान में अब से थोड़ी देर बाद एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। वहीं झारखंड के जनजातीय समूहों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद भी करेंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में 9 हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की स्वच्छता संबंधी योजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया। स्वच्छ भारत अभियान के आज दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नमामि गंगे और गोवर्धन योजना स्वच्छ भारत अभियान को नई ऊंचाई पर ले जाएंगी।

****

पलामू जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न जगहों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

****

आकाशवाणी रांची मे स्वछता ही सेवा–2024 के तहत चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान का आज समापन हो गया। 17 सितंबर से आज 2 अक्तूबर तक चले इस अभियान के दौरान कार्यालय परिसर और कार्य स्थल के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सफाई की गई। आकाशवाणी परिसर में आज आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति एस० सी० दूबे ने कार्यालय के सफाई मित्रों को सफाई किट देकर सम्मानित किया।

****

कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 155वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोगों से सत्य, अहिंसा, प्रेम और पवित्रता के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लेने की अपील की है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 155वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सत्य और अहिंसा के अनुयायी बापू का जीवन पूरी मानवता के लिए एक विशिष्ट संदेश है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए गए सिद्धांत पहले भी प्रासंगिक थे और आज उनकी प्रासंगिकता कहीं और अधिक बढ़ गई है। राज्यपाल आज रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

******समाप्त*******